बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की 125वीं जयंती पर माननीया मुख्यमंत्री **महोदया द्वारा** की गई घोषणाएं:—

1. ग्राम मूण्डला स्थित अम्बेड़कर पीठ को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकशित किया जायेगा।
2. अम्बेड़कर सम्बल योजना के तहत दलित युवाओं को कौशल, आजीविका, नवाचार, उधमिता एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने के लिए कार्य शुरू किये जाऐंगे।
3. अम्बेड़कर पीठ परिसर में आरएसएलडीसी के माध्मय से अम्बेड़कर कौशल प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी। इस कैन्द्र के संचालन के लिए प्रतिवर्ष एक करोड़ रूपये खर्च किये जाऐंगे।
4. दलित युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी तथा नई तकनीक एवं नवाचार आधारित उधमिता में प्रोत्साहित करने हेतु अम्बेड़कर स्टार्टअप योजना प्रारंभ की जाएगी, जिसके प्रथम चरण में 100 स्टार्टअप शामिल किये जाऐंगे।
5. राजकीय प्रतिभावान दलित छात्रों को पीएचडी स्तर पर अध्ययन हेतु अनुसंधान के लिए आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से अम्बेड़कर फैलोशिप योजना प्रारंभ की जायेगी, जिसके प्रथम चरण में प्रतिवर्ष कुल 6 छात्रों को लाभान्वित किया जाएगा।
6. अम्बेड़कर पीठ में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को नवीनतम अध्ययन सामग्री के संग्रहण हेतु अम्बेड़कर इलेक्ट्रोनिक इन्फॉरमेशन पुस्तकालय नेटवर्क के तहत आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना की जायेगी।
7. अनुसूचित जाति के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अपने स्तर पर पीएचडी में प्रवेश लेने पर अम्बेड़कर अर्न्तराष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ कर प्रति वर्ष 5 शोधकर्ताओं को प्रति छात्र 25 लाख रूपये तक की सहायता उपलब्ध करायी जायेगी।
8. बाबा साहब के विचारों पर शोध के लिए कोटा विश्वविद्यालय में डॉ. बी.आर. अम्बेड़कर शोध चेयर की स्थापना की जाएगी।
9. झालाना स्थित डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी परिसर में एक कान्फ्रेस हॉल का निर्माण कराया जाएगा।